# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/6298
दिनांक :– 30.6.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः–** उच्च शिक्षा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठयक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा शर्तो के मानक आदि के सम्बन्ध मे।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के कार्यालय पत्रांकः पी0ए0/2665 दिनांक 19.04.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा शासन के पत्र संख्या 226/सत्तर–2–2020–18(31)/2018 दिनांक 13.03.2020 एवं शिक्षा निदेशक, (उ0शि0) उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र संख्या – शि0मी0 (उ0शि0)/मे0मो0/2020–21 दिनांक 13.04.2020 एवं राजाज्ञा संख्या – 226/सत्तर–2–2020–18(31)/2018 द्वारा मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में प्रदेश में संचालित अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत पाठयक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं छात्रों से सम्बन्धित सूचनाये विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत पाठयक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं छात्रों का विवरण दिनांक 05.07.2020 तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक **http://ccsuniversity.ac.in/ccsu/collegelogin_teacher/** पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह विवरण प्रत्येक पाठयक्रम के लिये पृथक सारणी में होना आवश्यक है।

भवदीय,

30/6/2020
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. प्रति कुलपति महोदया को सूचनार्थ।
03. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

d.Affy/CKL(398)